




नवभारत

भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी, 2026


## एक नजर में



### ओलिंपियाड में दिव्या गुर्जर बावड़ीखेड़ा ने प्रथम स्थान पाया

**जीरापुर 29 जनवरी, सं.** संकुल केंद्र गोघटपुर ने अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालय बावड़ीखेड़ा कि छात्रा दिव्या पिता ज्ञानसिंह गुर्जर ने ओलिंपियाड परीक्षा में माध्यमिक खंड से विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त किया. ब्लॉक शिक्षा केंद्र से मात्र एक विद्यार्थी (छात्रा) ने उक्त परीक्षा में सफलता हासिल की. बीआरसी गजेंद्र कुमार शर्मा, जगदीश वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, बीएससी रामचंद्र गुर्जर, शिक्षक फूलचंद मालवीय, कमलेश शर्मा, प्रधानाध्यापक घनश्याम राठौड़, जन शिक्षक प्रेमसिंह वर्मा, संकुल प्राचार्य गोविंदसिंह चौहान गोघटपुर ने छात्रा को बधाई दी.

### संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गणतंत्र दिवस

**छापीहेड़ा 29 जनवरी, सं.** सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस पर मुख्य वक्ता हेमंत सेठिया( संघ कार्यवाह मध्यभारत प्रांत), विशेष अतिथि बाबूलाल पाटीदार, दिनेश चौधरी,देवीलाल टेलर,बनेसिंह तंवर,कैलाश अग्रवाल,सुभाष दांगी( संस्था प्रभारी) उपस्थित रहे. वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाबूलाल सेन,राजाराम मालवीय,महेश गुप्ता उपस्थित रहे. अतिथि परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य उमरावसिंह कुशवाह ने करवाया. कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत कुशाल दांगी,देवेंद्र शर्मा,अशोक पाटीदार एवं सदाराम रजक द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन शुभम सेन,मुकेश कुशवाह ने किया. कार्यक्रम में मदनलाल खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालित करने वाले राजेंद्र खंडेलवाल के द्वारा गत सत्र में मैरिट में आने वाली छात्राओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया गया. आभार प्रधानाचार्य सीमा सोनी ने किया.

### सुनीता को मीडिया प्रभारी का मिला प्रभार

**छापीहेड़ा 29 जनवरी, सं.** नगर में कलचुरी कलाल समाज की महिला मंडल की बैठक हुई प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जया जयसवाल द्वारा सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर महिलाओं द्वारा फूल माला पूज्य अर्चना किया गया. महिलाओं को समाज के विकास के लिए चर्चा की साथ ही आगामी योजनाओं को तय किया बैठक में समाज के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए समिति बनाई गई सभी की मर्जी से समिति का अध्यक्ष चुना गया अब समाज के सभी संस्कृति कार्यक्रमों की जिम्मेदारी उनके पास रहेगी. महिलाओं का जो संगठन बना है उसमें सीमा जायसवाल को नगर अध्यक्ष, रमकु जायसवाल व सीमा जायसवाल को उपाध्यक्ष, सुनीता जायसवाल को मीडिया प्रभारी, माया जायसवाल को महामंत्री, शांति जायसवाल व सन्नो जायसवाल को कोषाध्यक्ष, तारा जायसवाल व कला जायसवाल को संगठन मंत्री, रजनी जायसवाल, नैनकुंवर जायसवाल व अर्चना जायसवाल को सचिव, सीमा जयसवाल को सहसचिव तथा बबीता जायसवाल को संस्कृति मंत्री बनाया गया.

# 5 महीने के भ्रूण को नाले में छोड़ा

## सवाल : 5 महीने का भ्रूण बिना किसी जानकार के इस तरह ऑपरेट नहीं होते, इसके पीछे दोषी कौन?

- सप्ताह भर में नवजात भ्रूण मिलने की दूसरी घटना
- गुरुवार को राजगढ़ स्थित नाले से मिला भ्रूण
- 24 जनवरी को खिलचीपुर के समीप बरुखेड़ी से भी मिला था नवजात

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 29 जनवरी, का.** गुरुवार की सुबह को जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित एक नाले से भ्रूण मिलने सनसनी फैल गई. सप्ताह भर के भीतर नवजात मिलने की जिले में यह दूसरी घटना है. इसके पूर्व 24 जनवरी को खिलचीपुर के समीप बरुखेड़ी गांव के यहां से नवजात मिलने की घटना प्रकाश में आई थी.

जानकारी के अनुसार राजगढ़ में गुरुवार को कलेक्टर बंगले के समीप स्थित कब्रिस्तान वाले नाले में एक भ्रूण राहगीरों को नजर आया. इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी. यह भ्रूण 5-6 माह का होना बताया जाता है. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरु करते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है.

### 5 से 6 महीने का भ्रूण था, पूरी तरह विकसित नहीं था



सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया भ्रूण करीब 5 से 6 महीने का था. भ्रूण का पोस्टमॉर्टम डॉ देवांग शर्मा द्वारा किया गया है. जांच में पाया गया है कि भ्रूण पूर्ण रूप से विकसित नहीं था और उसके लैंगिक लक्षण भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं थे. इसके बावजूद चिकित्सकीय परीक्षण में वह फीमेल भ्रूण पाया गया.

#### खिलचीपुर में कड़ाके की ठंड में मिला था नवजात

खिलचीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरुखेड़ी में 24 जनवरी को कड़ाके की ठंड के बीच एक नवजात शिशु मिलने का मामला सामने आया था. गांव के बाहर सुनसान इलाके में एक खाली कमरे के निकट शॉल और गमछे में नवजात लिपटा हुआ मिला था. प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. किसी राहगीर ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी थी. नवजात ठंड से बुरी तरह कांप रहा था.

### सीसीटीवी खंगालें तो मिल पाएंगे भ्रूण हत्या के दोषी

जिस स्थान पर नाले के पास यह भ्रूण पाया गया वह कलेक्टर बंगले के समीप मौजूद है. जांच के दौरान यदि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं तो दोषियों तक पुलिस पहुंच सकती है. मामला काफी संवेदनशील है. यह सीधे तौर पर भ्रूण हत्या है और इस संगीन अपराध के दोषियों को प्रशासन और पुलिस को जल्द हिरासत में लेना चाहिए जिससे आने वाले समय और कोई इस तरह के कुकृत्य करने से पहले सोचे. मानवता को ताक पर रखकर किए गए इस कृत्य की सजा भी निश्चित तौर पर कड़ी मिलनी चाहिए. किसी से उसके जीवन के अधिकार को छीन लेना महापाप की श्रेणी में रखा गया है.

### गंभीरता से हो भ्रूण हत्या की जांच

इस पूरे मामले में एक तथ्य स्पष्ट है कि इस तरह के भ्रूण हत्या के मामले में बिना किसी जानकार के अंजाम नहीं दिया जा सकता. यानी इस भ्रूण हत्या के पीछे किसी ना किसी रूप में कोई जानकारी रखने वाला ही शामिल हो सकता है. पुलिस को इस दृष्टिकोण से जांच करनी चाहिए. यदि अपराधी नहीं पकड़े जाते हैं तो उन्हें संबल मिलेगा और भविष्य में भ्रूण हत्या के मामले सामने आते रहेंगे. यह कहां किया गया, किसके द्वारा किया गया, जहां से भ्रूण मिला वहां ये लोग कैसे पहुंचे. जिला वैसे ही बाल विवाह, नातरा और झगड़े जैसी कुप्रथाओं को लेकर अच्छी छवि नहीं रखता है. ऐसे में यदि इस प्रकार के मामले सामने आएंगे तो निश्चित तौर पर यह जिले की छवि को कलंकित करने वाला होगा.

### दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राजगढ़ 29 जनवरी, का.** 26 जनवरी के दरमियानी रात्री में खिलचीपुर वृत्त प्रभारी अंकित चौहान के द्वारा क्षेत्र गश्त के दौरान ग्राम हिनोतिया में संदिग्ध मारूति चैन एम.पी. 41 बीसी 2183 अवैध रूप से परिवहन करते हुए 14 पेटी में 126 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई. आरोपीगण अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, 34(2) के अंतर्गत 01 आपराधिक प्रकरण कॉयम कर विवेचना में लिया गया. प्रकरण में आबकारी दल द्वारा कार्यवाही करते हुए 27 जनवरी को प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मौके से फरार आरोपी देवीलाल पिता गोर्वधन तवंर उम्र 40 वर्ष निवासी खुटियाबेह पोस्ट समेली तह. खिलचीपुर तथा पर्वत सिंह पिता करणसिंह सौंधिया निवासी जीरापुर को गिरफ्तार किया जाकर दोनों आरोपियों को जेएमएफसी न्यायालय खिलचीपुर के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल राजगढ भेजा गया. उक्त प्रकरण में मदिरा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त मारूति वन एम.पी. 41 बीसी 2183 के स्वामी के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) से जानकारी प्राप्त की जा रही है.

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज सड़कों पर

### कानून वापस लेने की मांग, सरकार की निंदा की



**राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, आक्रोश में बाईक रैली निकाली, भविष्य में आंदोलन की चेतावनी दी**

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 29 जनवरी, सं.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा हाल ही में जारी कि गई गाइड लाइन्स के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत सवर्ण समाज के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में गहरी असुरक्षा भय एवं असंतोष का वातावरण उत्पन्न हो गया है. जिससे देशभर में सवर्ण समाज आंदोलनरत हैं. गुरुवार को सवर्ण समाज ने बाइक रैली निकालकर अपना आक्रोश जाहिर किया. गढ़ी से तख्तियां हाथ में लेकर यूजीसी कानून के विरोध में नारे लगाते हुए लोगों ने बाईक रैली निकाली और तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम प्रभारी तहसीलदार दोजीराम अहिरवार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन का वाचन प्रमोद पालीवाल ने किया. ज्ञापन में यूजीसी की उक्त गाइडलाइन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए. इन गाईड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति संसदीय समिति के समक्ष पुर्ननिरीक्षण हेतु भेजा जाए. शिकायत निवारण प्रक्रिया का प्रमाण सुनवाई निष्पक्षता जवाबदेही से मुक्त किया जाए. झूठी एवं दुर्भाग्यपूर्ण शिकायतों पर स्पष्ट और प्रभावी दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। यूजीसी में सवर्ण प्रतिनिधित्व दिया जाए इत्यादि मांग की गई. सभी ने ब्यावरा रोड़ स्थित महाराजा गार्डन में एकत्रित होकर एक फरवरी को भारत बंद का समर्थन किया. सरकार के बिल के विरोध में सौंपे गए ज्ञापन में बड़ी संख्या में सर्वण समाज राजनैतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

### गेहूं उपार्जन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**राजगढ़ 29 जनवरी, का.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया के निर्धारणजारी किया गया है. नीति के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है. गठित समिति में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा अध्यक्ष रहेंगे.

# पेंशनरों ने कहा : राष्ट्र के मान सम्मान के प्रति सजग रहें

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 जनवरी, का.** प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन शाखा ब्यावरा द्वारा गणतंत्र दिवस का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया. शाखा अध्यक्ष कालूराम शाक्यवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया. वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के प्रति हमें सदैव कृतज्ञ व सजग रहना चाहिए. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रतन लाल शर्मा ने की. विशेष अतिथि अब्दुल रहमान खान, रामकिशन गौड़, मनोहर लाल कारपेंटर उपस्थित रहे. कैलाश नारायण सुतार द्वारा सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र भक्ति गीत प्रस्तुत किए. केशर सिंह नागर, मांगीलाल शर्मा, नरेंद्र सिंह हाडा, प्रेम शंकर शाक्यवार, रामचंद्र साहू, पूनम चंद जांगड़े ने राष्ट्र के प्रति अपने विचार रखे. संचालन सचिव राधे लाल टेलर द्वारा किया गया. नवीन सदस्य भैरव सिंह चौहान का शाखा द्वारा स्वागत कर सदस्यता प्रदान की गई. इस अवसर पर कोषाध्यक्ष के. डी. अग्रवाल, घनश्याम दास गौड़, यूसुफ मोहम्मद कुरैशी, जहूर खान, शंकर दयाल शर्मा, कैलाश नारायण शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, रमेश चंद तिवारी, गोपाल प्रसाद शर्मा, गोपाल प्रसाद साहू, अशोक पालीवाल, मानक चंद गुप्ता, शिवचरण शर्मा, दुलीचंद कारपेंटर, रजनीकांत गुप्ता, अब्दुल शफीक खान, इरशाद मोहम्मद, दुर्गा प्रसाद नागर, रामबगस दांगी, देवचंद सूर्यवंशी, रमेश चंद पुष्पद, विजय सिंह कारोलिया, बालकृष्ण साहू उपस्थित रहे. शाखा उपाध्यक्ष भारत सिंह कारपेंटर द्वारा आभार माना.

# मंदिर निर्माण हेतु एएनएम ने एक लाख रुपए दान किए

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 29 जनवरी, सं.** नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर जीर्णोद्धार के चल रहे निर्माण कार्य के लिए रिटायर्ड एएनएम सुमित्रा शाह ने एक लाख एक सो रु दिए दान, इस दौरान समिति अध्यक्ष बद्री प्रसाद पालीवाल को उन्होंने राशि सौंपी उनके द्वारा उनका चुनरी साड़ी ओढ़कर स्वागत किया. इस मौके पर मंदिर समिति सदस्य महिलाए भी मौजूद थी. उल्लेखनीय है की मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार ने तीन लाख रु विधायक निधि से दिए है.



### हर परीक्षा केंद्र पर रहेगी कड़ी एवं सतत् निगरानी

**राजगढ़ 29 जनवरी, का.** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की गई है. सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता दलों की सक्रिय तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों एवं साइबर सेल के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर निरंतर नजर रखी जाएगी. परीक्षा के दौरान नकल करना अथवा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा.

# सेनानी अशोक शर्मा को सम्मानित किया



नवभारत न्यूज

**खुजनेर 29 जनवरी, सं.** जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, सांसद रोडमल नागर और विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव ने ने लोकतंत्र सेनानी अशोक कुमार शर्मा का शाल श्रीफल से सम्मानित किया. इस मौके पर सभी ने श्री शर्मा के कार्यों की सराहना की.

# पालकी संग निकलेगी निशान और शोभायात्रा

### खाटू श्यामधाम पर नि :शुल्क विवाह सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 जनवरी, का.** स्थानीय गुना रोड पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर धाम परिसर में आज 30 जनवरी को सामूहिक निःशुल्क विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा. नगर में निशान यात्रा के साथ बारात का विशाल जुलूस निकाला जाएगा. मंदिर समिति द्वारा 26 कन्याओं का निःशुल्क सामुहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा. श्री खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करेंगे.

जानकारी के अनुसार आज प्रातः 10 बजे से भव्य निशान यात्रा एवं बारात निकाली जाएगी. यात्रा में बाबा खाटू श्याम जी की सुसज्जित पालकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी. स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर धाम पहुंचेगी. बाबा खाटू श्याम की सुसज्जित पालकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी. राजगढ़ रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर निशान यात्रा पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जगात चौक, अहिंसा द्वार चौराहा होते हुए पुराना ए.बी.रोड से



श्री खाटू श्याम मंदिर धाम पहुंचेगी. यात्रा में 26 दूल्हे घोड़ों पर सवार रहेंगे. बैंड-बाजे, झांकियां शामिल होंगी. पाणिग्रहण संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया जाएगा. सायंकाल आशीर्वाद समारोह एवं भोजन प्रसादी का आयोजन होगा. समिति अध्यक्ष पवन कुशवाह के अनुसार जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना सौभाग्य की बात है. समाज के सहयोग से यह पुण्य कार्य संभव हो पा रहा है. प्रशासनिक नियमों का पालन करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है. गुरुवार को आयोजन को लेकर एसडीओपी प्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ द्वारा आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात आदि की व्यवस्था का जायजा लेते हुए इंतजामों की समीक्षा की.

**वेतन संकट** — दो माह से नहीं मिला, वेतन एवं अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

# अब राजगढ़ नपाकर्मी हड़ताल पर, सफाई व्यवस्था डगमगाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 जनवरी, का. दो दिन पूर्व नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा वेतन नहीं मिलने पर कामकाज बंद कर हड़ताल की गई थी इसके बाद अब गुरुवार को राजगढ़ नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा दो माह से वेतन नहीं मिलने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कामकाज बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी गई, हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था लडखड़ा गई, सडकों पर कचरे के ढेर लग गये.**




जानकारी के अनुसार नपा कर्मचारियों को दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिसके कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर आखिरकार हड़ताल का सहारा लेना पड़ा.

गौरतलब है कि राजगढ़ नपा में लगभग 70 कर्मचारी है, हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय के यहां टेंट लगाकर धरना दिया जा रहा है. कर्मचारी अपनी मांगों को माने जाने की पुरजोर मांग कर रहे है. कर्मचारियों के द्वारा अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर विगत दिवस ज्ञापन दिया गया था. जो मांगे है उनमें रुके हुए वेतन का भुगतान, दैनिक वेतन संविदा सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से वेतन देने, वेतन का भुगतान माह की 5 से 10 तारीख में करने सहित अन्य मांगे शामिल है.

### अधिकारियों ने दी समझाइश मांग पर अड़े कर्मचारी

हड़ताल की जानकारी लगने पर नगर पालिका सीएमओ एवं तहसीलदार व एसडीएम मौके पर पहुंचे तथा कर्मचारियों से चर्चा कर समझाईश देते हुए हड़ता समाप्त करने को कहा गया किंतु कर्मचारियों का कहना है कि रुके हुए वेतन का भुगतान होने सहित अन्य मांगों के पूरा होने पर ही हड़ताल समाप्त होगी. इस तरह हड़ताल जारी रही.

### जिले में अन्य निकायों में हो चुकी है हड़ताल

वेतन नहीं मिलने व अन्य मांगों को लेकर पूर्व में ब्यावरा, माचलपुर, नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल की जा चुकी है. विगत दिवस नरसिंहगढ़ नपा के कर्मचारियों के द्वारा भी कामकाज बंद कर हड़ताल की गई.